हिस्ट्री फेस्ट में शामिल हुए देश के छात्र

■ एनबीटी न्यूज, गुड़गांव : सेक्टर-45 स्थित डीपीएस स्कूल में दो दिवसीय हिस्ट्री फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश भर के स्कूलों ने भाग लिया, जिसमें इतिहास से जुड़े कई पहलुओं को छात्रों को समझने का मौका मिला। जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल और महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय म्यूजियम ट्रस्ट के सहयोग से गुड़गांव हिस्ट्री फेस्टिवल का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में यहां पर डीएलएफ स्कूल और स्कॉलरशिप की अध्यक्ष अमीता मुल्ला वत्तल मौजूद रहीं। वहीं डीपीएस सेक्टर 45 के वाइस चेयरपर्सन देवयानी जयपुरिया और एमएसएमएस के निदेशक संदीप सेठी ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। यहां पर विभिन्न लोकनृत्य व शास्त्रीय नृत्य, विभिन्न शैलियों के गीत, लघु नाटिकाएं, नुक्कड़ नाटक और लघु वीडियो प्रस्तुतियां शामिल रहीं।